Hindu Kanya Mahavidyalaya, Jind

Event: 'हरियाणा उत्सव' में हिंदू कन्या महाविद्यालय का शानदार प्रदर्शन

1st November to 2nd November, 2023

दिनांक 1 और 2 नवंबर 2023 को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद में आयोजित 'हरियाणा उत्सव' में हिंदू कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियां दी। हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय महोत्सव में छात्राओं ने गायन, वादन, नृत्य व फाइन आर्ट की विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभागिता दी। गायन में लोकगीत में महाविद्यालय की छात्रा अर्चना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हरियाणवी पॉप सॉन्ग की विधा में भी हमारी छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हरियाणवी सोलो डांस में हमारी छात्रा खुशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही हरियाणवी समूह नृत्य में भी महाविद्यालय ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया, छात्राओं की प्रस्तुतियां काफी मनमोहक रही। महाविद्यालय प्राचार्या व समस्त प्रबंधक समिति ने सभी छात्राओं की प्रशंसा की व भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में और उत्साह से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम अध्यक्षा डॉक्टर क्यूटी व सहसंयोजिका श्रीमती आरती सैनी ने छात्राओं सहित सबके सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

Glimpses & Media Coverage of the Event

जींद केसरी

वीरवार THURSDAY, 9 नवम्बर 2023

हिंदू कालेज में छात्राओं ने दी प्रस्तुति

जींद, 8 नवम्बर (ललित) : 1 से 2 नवम्बर तक चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित हरियाणा उत्सव में हिंदू कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। गायन, वादन, नृत्य व फाइन आर्ट की विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभागिता दी। गायन में लोकगीत में महाविद्यालय की छात्रा अर्चना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

हरियाणवी पॉप सॉंग की विधा में भी हमारी छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हरियाणवी सोलो डांस में हमारी छात्रा खुशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही हरियाणवी समूह नृत्य में भी महाविद्यालय ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की प्रस्तुतियां काफी मनमोहक रहीं। महाविद्यालय प्राचार्या व समस्त प्रबंधक समिति ने सभी छात्राओं की प्रशंसा की व भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में और उत्साह से आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम अध्यक्ष डा. क्यूटी व सह-संयोजिका आरती सैनी ने छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया।

प्रतियोगिता में हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत करते हुए।